संपादकीय

दहशत की दस्तक

घातक हो सकता है भितरघात

जालंधर के एक इंजीनियरिंग व प्रबंधन संस्थान में बीटेक के तीन कश्मीरी छात्रों के एके-47, पिस्तौल व गोला बारूद के साथ गिरफ्तार होने से एक बड़ी अनहोनी तो टली है, मगर चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल यदि पंजाब के शिक्षण संस्थानों से अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने की कोशिश कर सकते हैं तो फिर देश के अन्य इलाके भी उनकी जद में आ सकते हैं। चिंता की बात यह है कि ये गिरफ्तारियां उस समय हुई हैं, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत जालंधर में थे। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि आतंकी किसी बड़े व्यक्ति को निशाने पर लेने के लिये इन छात्रों का इस्तेमाल करने जा रहे हों। यह बड़ी चिंता की बात है कि पिछले छह माह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से तकरीबन छह छात्रों को संदिग्ध गतिविधियों के चलते गिरफ्तार किया गया है। इनमें अप्रैल में गिरफ्तार बीएससी का एक छात्र ऐसा भी था जो देश की पांच सौ से अधिक वेबसाइट हैक कर चुका है। मंगलवार को गिरफ्तार छात्रों में एक बीटेक का छात्र भी साइबर अपराधों में लिप्त बताया जा रहा है। निःसंदेह इन गिरफ्तारियों को एक आसन्न खतरे के रूप में देखा जाये।

दरअसल, जालंधर की इस घटना के भयावह निष्कर्षों को राष्ट्रीय संदर्भों के रूप में देखने की जरूरत है। हालांकि, घटना के राज एनआईए की टीम के जालंधर पहुंचने के बाद खुलेंगे, मगर इन छात्रों के मंसूबों की पड़ताल गंभीरता से की जानी चाहिए। यह भी कि कैसे इतने घातक हथियार संस्थान के छात्रावास में पहुंचे। ऐसे ही देश के अन्य भागों में भी पहुंच सकते हैं, जिसे पुलिस व खुफिया एजेंसियों की नाकामी के रूप में देखा जाना चाहिए। पिछले कुछ समय से आईएसआई व पाक के चरमपंथी संगठनों की भारत के कुछ अतिवादी समूहों से जुगलबंदी के संदर्भ में भी घटना को देखा जाना चाहिए जो आतंक की नई फसल बोने की फिराक में हैं। कहीं इस घटना के तार कश्मीरी आतंकी संगठनों व पृथकतावादी मुहिम चला रहे चरमपंथियों से तो नहीं जुड़े हैं इन सभी दिशाओं में जांच करने की जरूरत है। यह एक गंभीर मसला है और गंभीर जांच की मांग करता है। सुरक्षा बलों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। जैसा कि कुछ समाचार माध्यमों में इन स्लीपर सेलों का लक्ष्य चंद हिंदू नेताओं को निशाना बनाना बताया जा रहा है, यह भी एक बेहद गंभीर मसला है। इसे पंजाब में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की पाकिस्तानी साजिश के रूप में देखा जाना चाहिए।

एसबीआई ने बताया-अगर नहीं किया ये काम तो बंद हो जाएगी नेट बैंकिंग सुविधा

नई दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की नेट बैंकिंग सुविधा का इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए बड़ी खबर। यदि आपने 1 दिसंबर, 2018 से पहले अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर नहीं कराया तो एसबीआई की तरफ से आपकी इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा ब्लॉक कर दी जाएगी। मोबाइल नंबर रजिस्टर न कराने पर आप 1 दिसंबर से एसबीआई नेट बैंकिंग नहीं कर पाएंगे।

एसबीआई ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर लिखा है ' इंटरनेट बैंकिंग यूजर्स ध्यान दें, जिन ग्राहकों ने मोबाइल नंबर रजिस्टर नहीं कराया है वह 01 दिसंबर 2018 से अपनी नेट बैंकिंग फैसिलिटी का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। उनकी ये फैसिलिटी ब्लॉक कर दी जाएगी। एसबीआई इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा सुचारू रूप से चलती रहे, इसके लिए ग्राहकों को अपना मोबाइल नंबर बैंक की शाखा में जाकर रजिस्टर कराना होगा। उन लोगों की नेटबैंकिंग सुविधा चलती रहेगी, जिनका मोबाइल नंबर बैंक के पास पहले से रजिस्टर्ड है। आरबीआई के नियम के अनुसार सभी बैंकिंग ग्राहकों को अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी रजिस्टर कराना जरूरी है।

एसबीआई ने सभी कार्ड्स पर नहीं घटाई एटीएम से कैश निकालने की लिमिट

कुछ दिनों पहले एसबीआई ने अपने कुछ प्रकार के कार्डधारकों के लिए एटीएम से नकदी निकासी की सीमा को घटा दिया था। इसके बाद ऐसे कार्डधारक 31 अक्टूबर से एक दिन में अधिकतम 20,000 रुपये ही एटीएम से निकाल पाएंगे। एसबीआई डेबिट कार्ड के क्लासिक और मेस्ट्रो कार्ड पर यह सीमा लागू होगी। यह सीमा बढ़ाने के लिए उन्हें और उन्नत प्रकार के कार्ड जारी कराने का आवेदन करना होगा। एसबीआई ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'क्लासिक और मेस्ट्रो डेबिट कार्ड के लिए दैनिक निकासी सीमा को 40,000 रुपये प्रतिदिन से घटाकर 20,000 रुपये प्रति दिन किया जा रहा है।

सऊदी अरब ने चलाई हाई स्पीड मेट्रो, हज यात्रियों को सुविधा

रियाद (आरएनएस)। सऊदी अरब ने अपनी नई हाई स्पीड ट्रेन गुरुवार को जनता के लिए खोल दी। इससे मक्का और मदीना जाने वाले यात्रियों को काफी आसानी होगी और उनका समय भी बचेगा। यह हाई स्पीड रेल लोगों को 450 किलोमीटर का सफर कराएगी। यह जेद्दा में रेड सी पोर्ट से होकर गुजरेगी और 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। सऊदी की न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुबह 8 बजे मक्का और मदीना से दो ट्रेनें 417 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। अभी दिन में दो ट्रेनें चलाने की योजना है। 25 अक्टूबर को सऊदी किंग सलमान ने इस हाई स्पीड रेला का उद्घाटन किया। वहां के अधिकारियों का कहना है कि उस क्षेत्र का यह सबसे बड़ा ट्रांसपॉर्ट सिस्टम है। अधिकारियों के मुताबिक मक्का से मदीना जाने में पहले कई घंटे लगते थे लेकिन अब केवल दो घंटे लगेंगे। सऊदी मीडिया के मुताबिक इस रेल प्रॉजेक्ट में काफी देरी हुई लेकिन आखिर में 16 अरब डॉलर की लागत से बनकर तैयार हो गया। 2011 में सऊदी अरब ने अरब की कंपनी के साथ ट्रैक बनाने और 35 हाई स्पीड ट्रेनो को लेकर समझौता किया था।

सोने-चाँदी के दामों में हुई गिरावट

नई दिल्ली (आरएनएस)। वैश्विक स्तर पर पीली धातु में सप्ताहांत पर आयी गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 70 रुपये टूटकर 32,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चाँदी भी 100 रुपये की गिरावट में 39,400 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शुक्रवार को सोने में गिरावट रही। सोना हाजिर 4.80 डॉलर की नरमी में 1,218.10 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा 8.60 डॉलर लुढ़ककर 1,219 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

बाजार विश्लेषकों ने बताया कि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने से सप्ताहांत पर पीली धातु दबाव में आ गयी। सोने और डॉलर में व्युत्क्रमानुपाति संबंध होता है। डॉलर के मजबूत होने से अन्य मुद्राओं वाले देशों के लिए सोने का आयात महंगा हो जाता है।

भारतीय फुटबॉल टीम का शानदार प्रदर्शन, चीन को गोल के बराबरी पर रोका मैच

भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक दोस्ताना मुकाबले में चीन को गोल रहित बराबरी पर रोक दिया. भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने चीन को उसी के घर में ड्रॉ पर रोकने में अहम भूमिका निभाई.संधू ने कई मौकों पर शानदार बचाव किए. संधू को टीम के डिफेंस लाइन का बखूबी साथ मिला. इन दोनों की जुगलबंदी के कारण आखिरी समय तक लगातार अटैक करने वाली चीनी टीम मायूस हो गई.

खुशखबरी - एयरटेल 398 रुपये में दे रहा है इतने जीबी डाटा, जियो से जंग

टेलीकॉम कंपनी जियो के आने के बाद से ही अन्य कंपनियां नए नए तरह के प्लान्स ला रही हैं। इसके अलावा पुराने प्लान्स को अपडेट कर रही हैं। इसी कड़ी में टेलीकॉम ऑपरेटर एयरटेल ने एक नया 398 रुपये का प्लान पेश किया है। एयरटेल 398 प्लान में यूजर्स को काफी डाटा दे रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस प्लान में यूजर्स को 105 जीबी डाटा दिया जाएगा। इसका मतलब है कि यूजर्स रोजाना डेढ़ जीबी डाटा का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, अगर आप कॉलिंग भी करते हैं तो फिर इस प्लान में यह सुविधा भी मिलेगी।

आज का राशिफल

मेष: गणेशजी की कृपा से आपको आज सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलेगी। परिवार एवं दांपत्यजीवन में सुख-संतोष का अनुभव करेंगे। रोमांस की पराकाष्ठा का अनुभव होगा।

वृषभ: आज वाणी और व्यवहार पर संयम रखें। गलतफहमी पैदा होगी। मौज-शौक तथा मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। तबीयत का ध्यान रखें। दुर्घटना से बचें।

मिथुन: आज का दिन लाभप्रद रहेगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। जीवनसाथी के पीछे खर्च होगा। व्यापार एवं नौकरी में आय बढ़ेगी। घर में शुभ-प्रसंगों का आयोजन होगा।

कर्क: सीमे में वर्ष या अन्य किसी विचार से परेशानी अनुभव करेंगे। परिवार में सदस्यों के साथ उग्र वाद-विवाद हो सकता है। स्त्री वर्ग से संभलकर व्यवहार करें। पैसे खर्च होंगे।

सिंह: स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। निर्धारित कार्य पूरे होंगे। छोटा प्रवास हो सकता है। भाग्यवृद्धि के अवसर सामने आएगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। प्रिय व्यक्ति की निकटता आपको हर्षित करेगी।

कन्या: मन दुविधा में रह सकता है। नकारात्मक विचार मन की अस्वस्थता बढ़ाएंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव हो सकता है। अनावश्यक खर्च होगा। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा।

तुला: आर्थिक मामलों में दिन अनुकूल रहेगा। आज आपकी कलात्मक और सृजनात्मक शक्ति श्रेष्ठतम रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से तंदुरुस्त रहेंगे। वृद्ध विचार और आत्मविश्वास से कार्य पूरे कर सकेंगे।

वृश्चिक: मित्रों की तरफ से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। लाभ होगा। आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्यजीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे।

धनु: प्रेम का सुखद अनुभव प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आर्थिक, सामाजिक और कौटुंबिक दृष्टि से आज लाभ का दिन है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा।

मकर: व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में परिश्रम रंग लाएगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी और सरकार तथा मित्रों, सम्बंधियों से लाभ होगा।

कुंभ: काम करने में उत्साह का अभाव रहेगा। आफिस में उच्च पदाधिकारियों से संभलकर रहें। विवाद के विषयों से दूर रहें। मौज-शौक के पीछे खर्च होगा। यात्रा का योग हैं। विदेशगमन की संभावना हैं तथा विदेश से समाचार मिलेगा।

मीन: आकस्मिक धन लाभ का योग है। व्यापारी वर्ग के रुके हुए पैसे मिलेंगे। आज आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अधिक परिश्रम करने पड़ेंगे। खर्च अधिक रहेगा। अनैतिक कामवृत्ति सुरीबत में डाल सकती हैं, संभलकर रहें।

मां दुर्गा की पांचवीं शक्ति मां स्कंदमाता पूर्ण करती हैं सारी इच्छाएं

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है।

स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं।

इस देवी की चार भुजाएं हैं। ये दाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बाईं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

शाहरुख खान गुलजार और रहमान के साथ हॉकी वर्ल्डकप के उद्घाटन समारोह में देंगे प्रस्तुति

नई दिल्ली। पुरुष हॉकी वर्ल्डकप 28 नवंबर को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में शुरू होने जा रहा है. 'चक दे इंडिया' फेम सुपरस्टार शाहरूख खान , आस्कर पुरस्कार विजेता संगीतकार ए आर रहमान और गीतकार गुलजार इस विश्व कप के उद्घाटन समारोह में आकर्षण का केंद्र होंगे. इस समारोह में ओडिशा की संस्कृति की बानगी भी देखने को मिलेगी. हाकी के नये गढ़ बने भुवनेश्वर में चैम्पियंस ट्राफी (2014), एफआईएच विश्व लीग फाइनल्स (2017) के बाद अब 28 नवंबर से 16 दिसंबर तक विश्व कप का आयोजन किया जाएगा जिसमें दुनिया की 16 टीमें भाग ले रही हैं. ओडिशा सरकार के खेल और पर्यटन विभाग के सचिव विशाल देव ने भाषा को बताया, ''उद्घाटन समारोह में शाहरूख खान नाच गाना नहीं बल्कि दुनिया को ओडिशा से रूबरू कराके यहां सभी का स्वागत करेंगे.

टीम इंडिया के पहली पारी में बने 367 रन, भारत को मिली 56 रनों की बढ़त

भारत और वस्टइंडीज के बीच दूसरे टेस्ट मैच में तीसरे दिन टीम इंडिया के लिए अश्विन ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम का स्कोर 350 रन से पार कराया और उसके बाद भारत की वेस्टइंडीज पर बढ़त 50 रन तक कर दी. अश्विन ने 30 रन बना लिए थे और शार्दुल ठाकुर(4) के साथ अंतिम विकेट के लिए23 रन की साझेदारी भी कर ली थी. टीम इंडिया का 9वां विकेट उमेश यादव के रूप में गिरा. उमेश दो रन बनाकर वरिकन की गेंद पर हेमिल्टन के हाथों कैच आउट हुए. उमेश की जगह शार्दुल ठाकुर बल्लेब्राजी करने आए जबकि वे अभी भी चोटिल हैं.

वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर ने कुलदीप यादव को बोल्ड आउट कर पारी में अपने पांच विकेट पूरे किए.

व्रत में बनाएं कुट्टू की कचौड़ी

सामग्री : कुट्टू का आटा- 200 ग्राम, आलू- 4(उबले और मैश), हरी मिर्च-1 (बारीक कटी), अदरक- 1 टुकड़ा (कद्दूकस), काली मिर्च- 1/4 छोटी टीस्पून, अमचूर- 1/4 छोटा चम्मच, सेंधा नमक- 1 छोटा टीस्पून, घी- फ्राई करने के लिए

विधि : कुट्टू का आटा छान लें। फिर इसमें सेंधा नमक और एक बड़ा टीस्पून घी डालकर गूंध लें। अब एक बाउल में आलू, हरी मिर्च, अदरक, काली मिर्च, अमचूर पाउडर और सेंधा नमक डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब गूंधे हुए आटे की लोई बना लें और उसे हथेली से दबाकर चपटा कर लें। अब एक टीस्पून आलू का मिक्सचर लें और इसमें रख दें और चारों ओर से बंद कर दें।फिर बेलकर पूरी के आकार का बना लें। अब कढ़ाई में तेल गरम करें और इसमें कचौड़ी डालकर दोनों तरफ से ब्राउन होने तक सेंक लें। सर्विंग प्लेट में निकालें और दही के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-59

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न पर सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान चौग्य वस्तु 12. नाखून 13. दव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अतिक्रमण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. पैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठीस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 58 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
व		ख	ल	ना	य	क		बा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				डी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	बा	खा	ना	

सू-दोकू-59

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें नवमों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.58 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6